“33”
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्लीः अग्रहायण 29, 1944
मंगलवारः 20 दिसंबर 2022

द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए नई दिल्ली में छठी भारत-मालदीव संयुक्त स्टाफ वार्ता आयोजित

भारत और मालदीव के बीच छठी संयुक्त स्टाफ वार्ता (जेएसटी) 20 दिसंबर 2022 को नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक मैत्रीपूर्ण, स्नेहपूर्ण और बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। चर्चा तीनों सेनाओं के मौजूदा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग प्रक्रिया के दायरे में चल रही और नई पहलों तथा संबंधों को और मजबूत करने पर केंद्रित थी।

बैठक की सह-अध्यक्षता मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ (मुख्यालय आईडीएस) के एकीकृत रक्षा स्टाफ के सहायक प्रमुख एयर वाइस मार्शल आशीष वोहरा और कमांडेंट, मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) सर्विस कोर ब्रिगेडियर जनरल हमीद शफीग ने की। संयुक्त स्टाफ वार्ता (जेएसटी) एक प्लेटफॉर्म है जो मुख्यालय आईडीएस और एमएनडीएफ के बीच रणनीतिक और संक्रियात्मक स्तरों पर वार्षिक वार्ता के माध्यम से भारत और मालदीव के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया गया है।

एबीबी/डीएस